महत्वपूर्ण एवं खास

माशिमं ने 105 शिक्षकों को दिखाया बाहर का रास्ता, किया ब्लैक लिस्टेड

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्तर पुस्तिका की जांच में लापरवाही बरतने वाले 105 शिक्षकों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। माशिमं ने ऐसे शिक्षकों को तीन साल के लिए मूल्यांकन करने से रोक दिया है और बाहर का रास्ता दिखा दिया है। मशीन के अधिकारियों ने बताया कि जिन शिक्षकों के पुनर्मूल्यांकन मैं छात्रों के अंकों में 41 से 49 अंकों की वृद्धि हुई है। शिक्षकों का वेतन वृद्धि रोकने का निर्देश जारी किया है। इस कैटेगरी में 11 लापरवाह शिक्षकों को डाला गया है। जांजगीर कोरबा राजनांदगांव दुर्ग जांजगीर चांपा बिलासपुर और बालोद में पदस्थ है।

पचास रूपए उधार नहीं देने पर दुकानदार पर तलवार से हमला, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के टिकरापारा इलाके में 50 रूपए उधार नहीं देने पर तलवार से हमला करने का मामला सामने आया है। दरअसल झंडा चौक संजय नगर निवासी पारस परासर 25 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि मंगलवार की रात करीब साढ़े 7 बजे मोहल्ले के सैय्यद फारूख ने उसके दुकान में आकर 50 रूपये मांगा, पैसे नहीं देने पर वह चला गया। फिर थोड़ी देर बाद वापस आकर फारूख ने पारस पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में उसके पैर की जांघ और दाहिने हाथ में चोटे आई है। इतना ही नहीं बीच बचाव करने गए प्रार्थी के छोटे भाई हर्ष शर्मा पर भी तलवार से वार कर दिया। जिससे हर्ष के दोनो हाथ में चोटे आई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोपेड में अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, आबकार एक्ट की कार्रवाई

रायपुर (आरएनएस)। खमतराई थाना पुलिस ने मोपेड में अवैध शराब के थैले के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर बीती शाम पाटीदार भवन के आगे एक मोपेड सवार की तलाशी के दौरान थैले में रखा 45 पौव्वा अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गाड़ी और शराब को जब्त कर लिया है। बता दें कि आरोपी खोमलाल देवांगन पिता स्व.धन्नू देवांगन उम्र 39 वर्ष निवासी त्रिमूर्ति नगर बीरगांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की है।

आकाशीय बिजली गिरने से दर्जनों मवेशियों की हुई मौत

बीजापुर (आरएनएस)। बीती रात हुए तेज बारिश के बाद आकाशीय बिजली के गिरने से दर्जनभर मवेशियों की मौत हो गई है । जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के ताड़बोगड़ा में तेज बारिश के दौरान अचानक पेड़ में आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी जद में आने से 10 मवेशियों की मौत हो गई है ।

पुलिस को चकमा देकर कोर्ट से फरार दुष्कर्मी को पुलिस ने दबोचा

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। दंतेवाड़ा जिले के सिटी कोतवाली क्षेत्र में कोर्ट से फरार हुए दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे मंगलवार को ही कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। बीजापुर के रहने वाले आरोपी को सोमवार को दंतेवाड़ा जिला एवं सत्र न्यायालय लाया गया था। जो कैंटीन में खाना खाने के बाद पुलिस को चमका देकर भाग निकला था। 24 घंटे के अंदर दंतेवाड़ा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

250 करोड़ के रेल भू अधिग्रहण घोटाले के फैसला से प्रशासनिक हलकों और भू माफियाओं में मचा हड़कंप

» भू अर्जन की कार्रवाई त्रुटिपूर्ण, भूमिस्वामियों को पूर्व में मिली मुआवजा राशि लौटानी होगी

» आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की अपील भी खारिज

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिले में भू माफियाओं एवं राजस्व विभाग के मिलीभगत से 250 करोड़ के रेल भू अधिग्रहण घोटाला मामले में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने अपने आदेश में अपर कलेक्टर बस्तर के द्वारा की जा रही भू अर्जन की कार्रवाई को त्रुटिपूर्ण बताते हुए निरस्त कर दिया है। साथ ही 06 माह के भीतर नए सिरे से मुआवजा राशि की गणना करने का निर्देश कलेक्टर को दिए हैं। उच्च न्यायालय के इस फैसले से प्रशासनिक हलकों और भू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

आदेश में कहा गया है कि भूमिस्वामियों को पूर्व में मिली मुआवजा राशि लौटानी होगी। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की अपील भी खारिज करते हुए कहा है कि मामले के निपटारे तक माह में एक दिन उन्हें संबन्धित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी। न्यायालय ने कमिश्नर द्वारा पारित आर्बिटेशन के सभी 06 प्रकरणों को भी निरस्त कर दिया है।

उल्लेखनिय है कि जगदलपुर से रावघाट तक 140 किमी के नए रेलमार्ग के लिए बस्तर जिले में भू अधिग्रहण की प्रक्रिया 2018 में शुरू हुई थी। इसमें भू माफिया की मिली भगत से ग्रामीण क्षेत्र की भूमि को डायवर्टेड बताकर व्यवसायिक दर पर मुआवजा लेने के मामले में तत्कालीन कलेक्टर डॉ. अय्याज तम्बोली ने एसआईटी का गठन किया था। इस जांच रिपोर्ट में मुआवजा की गणना गलत करने की बात सामने आई थी। कुछ लोगो को ग्रामीण इलाके की भूमि का शहरी दर पर, कुछ का व्यवसायिक दर पर अधिक मुआवजा वितरण की बात प्रमाणित होने पर तत्कालीन कलेक्टर ने 04 कर्मियों को निलंबित कर तत्कालीन अपर कलेक्टर हीरालाल नायक, एसडीएम सियाराम कुर्रे, तहसीलदार दीनदयाल मंडावी, उप पंजीयक लिपिक कौशल ठाकुर, आरआई अर्जुन वास्तव, इरकान के अधिकारी सुरेश बी मिताली, एआर मूर्ति के साथ-साथ बली नागवंशी तथा नीलिमा पति टीवी रवि के विरूद्ध जगदलपुर कोतवाली में भादंवि की धारा 109, 120 बी 420, 467, 468, 471, 406, 407, 408 और 409 के तहत अपराध दर्ज करवाया था।

प्रदेश में आज भी कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा या गरज-चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना

» एक-दो स्थानों पर बिजली गिर सकती है बिजली

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में 13 जनवरी को भी कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा या गरज-चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थान पर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

स्थानीय मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी गरम हवाओं का आगमन निरंतर जारी है। एक द्रोणिका दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक से दक्षिण छग तक स्थित है। इसके प्रभाव से 13 जनवरी को भी प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छग रहने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के उत्तरी भाग में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटें पड़ सकते हैं। प्रदेश के उत्तरी भाग में अधिकतम तापमानों में वृद्धि संभावित है। जबकि शेष भागों में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी से मौसम में सुधार होने की संभावना है।

कोरोना के कारण बजट सत्र इस बार मार्च में होने की संभावना

» विधानसभा अध्यक्ष महंत ने दिए संकेत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए फरवरी में बुलाये जाने वाला विधानसभा का बजट सत्र इस बार मार्च माह में होने की संभावना है। विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने इस संबंध में आज संकेत दिए है।

विधानसभा अध्यक्ष डा. महंत ने कहा कि बजट सत्र को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे से चर्चा की। उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान संकेत दिए कि प्रदेश में जिस तेजी से कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है उसे देखते हुए फिलहाल फरवरी माह में बजट सत्र होना मुश्किल है। संभवतः मार्च माह में बजट सत्र बुलाया जा सकता है।

ज्ञात हो कि जनवरी माह शुरू होते ही छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण भी तेजी से फैल रहा है। कोरोना की तीसरी लहर के साथ ओमीक्रान के कुछ मामले भी सामने आ चुके है।

एसबीआई के लॉकर से गायब हो गए 10 लाख के गहने

» खातेदार व बैंक अधिकारी एक दूसरे पर लगा रहे आरोप

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के एक भारतीय स्टेट बैंक के लॉकर से 10 लाख के गहनें गायब होने का अजीब मामला सामने आया है। खातेदार एएईसीएल का अफसर है जिसने बैंक में लॉकर लिया था। अपनी पत्नी के गहने रखे थे। मंगलवार को जब वह दैनिक इस्तेमाल वाले कुछ और गहने रखने गया तो लॉकर से उनके सारे गहने व कुछ दस्तावेज गायब मिले। इस मामले में जब बैंक प्रबंधन से शिकायत की तो बैंक की ओर इस पर अनिभिज्ञता जाहिर की। इसे लेकर बैंक व खातेदारों दोनों ही एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं। मामले में जिले के सरकंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरकंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह सारा मामला भारतीय स्टेट बैंक की एसईसीएल शाखा का है। एसईसीएल बिलासपुर में अफसर दिनेश पांडेय सीपत रोड शकुंतला हाईट्स में रहते हैं। इनका एसईसीएल एसबीआई में खाता है। इन्होंने बैंक में एक लॉकर भी ले रखा है। लॉकर में उन्होंने पत्नी के पुराने गहने व बेटी की शादी के लिए गहने रखे थे। मंगलवार 11 जनवरी को दिनेश पाण्डेय परिवार के साथ पुणे जाने वाले थे और इस वजह से उन्होंने अपनी पत्नी के दैनिक इस्तेमाल वाले जेवर रखने बैंक पहुंचे। बैंक का जब लॉकर खोला तो इनके होश उड़ गए। लॉकर खाली मिला और उसमें रखे सारे गहने गायब थे। खातेदार ने बताया कि लॉकर में 10 लाख रुपए के गहने रखे हुए थे। साथ ही कुछ दस्तावेज भी थे जो कि गायब हैं।

जब बैंक प्रबंधन से इसकी शिकायत की तो लॉकर रूम में पहुंचे बैंक अधिकारियों ने अनिभिज्ञता जताई। बैंक प्रबंधक का कहना है कि लॉकर की दो चाबियां होती हैं एक बैंक के पास व दूसरा खातेदार के पास होता है। एक बार बैंक द्वारा चाबी देने के बाद उनके लोग बाहर निकल जाते हैं। इसके बाद खातेदार अपने लॉकर में क्या रखता है क्या नहीं उसकी जिम्मेदारी है। बैंक प्रबंधक का यह भी कहना है कि यदि बैंक का लॉकर कहीं से टूटता व डैमेज होता तो बात थी लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इधर खातेदार का कहना है कि लॉकर का किराए देते हैं तो इसकी जिम्मेदारी बैंक की होनी चाहिए। बहरहाल इस मामले में सरकंडा पुलिस जांच कर रही है।

मछली पालन कर आर्थिक उन्नति की ओर बढ़ रही समूह की महिलाएं

» सलाना दो से ढ़ाई लाख रुपये की हो रही आमदनी

रायगढ़। अपने पैरों पर खड़े होकर स्वावलंबन की राह चलते घर, परिवार व बच्चों के लिए कुछ अच्छा कर सकें यह सोच रखने वाली घरेलू महिलाओं ने मछली पालन को अपने उद्यम का जरिया बनाया। जिसमें न केवल उन्होंने सफलता हासिल की बल्कि अब वे अपने इस काम को नई ऊंचाईयां दे रही है। स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच के अनुरूप रायगढ़ जिले के विकासखण्ड तमनार के झरना गांव की संतोषी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने गांव के बड़े तालाब में मछली पालन का पट्टा लेकर काम 2020-21 में शुरू किया। एक साल में महिलाओं ने दो से ढ़ाई लाख रुपये का मुनाफा कमा लिया है। मछली पालन से हो रही आय का उपयोग महिलाएं अपने घर चलाने के साथ बच्चों की अच्छी तालीम पर खर्च कर रही है।

विकासखण्ड तमनार के ग्राम-झरना में संतोषी महिला स्व-सहायता समूह है, जिसमें 11 महिलाएं शामिल है। शासन की योजना के तहत उन्हें मछली पालन पालन हेतु वर्ष 2020-21 से दस वर्षीय पट्टा आबंटित किया गया है। उनके द्वारा गांव में ही मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। समूह को विभाग द्वारा मछली बीज, जाल, आईस बाक्स आदि सहायता भी दिया गया है। समूह के द्वारा एक साल में करीब 20 से 25 हजार रुपये के उन्नत किस्म का रोहू, कतला एवं मृगल मछली बीज संचयन किया गया है। समूह द्वारा तीन से चार माह के अंतराल में मत्स्याखेट कर करीब 350 से 400 किलो ग्राम मछली निकाला जाता है। जिसे साप्ताहिक बाजार एवं स्थानीय गांव में 150 से 180 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय कर करीब 60 से 70 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही है। इसी तरह समूह को सलाना दो से ढ़ाई लाख रुपये तक मछली से आय प्राप्त हो रही है। मछली पालन से समूह की महिलाएं स्वावलंबी हुई है। उन्होंने अपने आर्थिक स्थिति में हुई सुधार के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं मत्स्य पालन विभाग को धन्यवाद दे रही है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ट्रांजिट रिमांड पर वर्धा भेजे गए कालीचरण

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर में आयोजित धर्म संसद में महात्मा गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अकोला, महाराष्ट्र के अभिजीत सारग उर्फ कालीचरण को रायपुर सेंट्रल जेल से महाराष्ट्र पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ लेकर रवाना हुई। दरअसल कालीचरण के खिलाफ महात्मा गांधी पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में मनोज हनुमंत राव चांदुरकर की शिकायत पर वर्धा पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया था। इसी केस के सिलसिले में महाराष्ट्र की वर्धा पुलिस मंगलवार को रायपुर पहुंची और देर शाम को केंद्रीय जेल में बंद कालीचरण को कड़ी सुरक्षा के बीच ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ लेकर वर्धा के लिए रवाना हो गई।

महाराष्ट्र के अकोला, कडक, ठाणे समेत पांच अलग-अलग पुलिस थानों ने कालीचरण के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। रायपुर कोर्ट से जमानत नहीं मिलने पर कोर्ट के आदेश पर 14 दिन के लिए कालीचरण रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। रायपुर कोर्ट से जमानत नहीं मिलने से कालीचरण के वकील हाइकोर्ट में जमानत याचिका दायर करेंगे।

अब तक 8.14 लाख बच्चों को लगी वैक्सीन

» छत्तीसगढ़ में 15 से 18 वर्ष के आधे किशोरों का टीकाकरण

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में 15 से 18 वर्ष की आबादी के आधे किशोरों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया जा चुका है। इस महीने 3 जनवरी से इस आयु वर्ग के टीकाकरण की शुरूआत के बाद दसवें दिन ही राज्य ने 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू लिया है। प्रदेश के 12 जिले 50 प्रतिशत या इससे ज्यादा तथा कुल 22 जिले 40 प्रतिशत या इससे ज्यादा किशोरों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगा चुके हैं। प्रदेश में 12 जनवरी को दोपहर साढ़े तीन बजे तक आठ लाख 14 हजार 097 किशोरों को टीका लगाया जा चुका है। मुंगेली जिले में 15 से 18 वर्ष के किशोरों के निर्धारित लक्ष्य के 74 प्रतिशत को टीका लगाया जा चुका है। वहीं राजनांदगांव में 65 प्रतिशत, धमतरी में 64 प्रतिशत, बेमेतरा और महासमुंद में 62-62 प्रतिशत, बालोद में 58 प्रतिशत, कांकेर में 56 प्रतिशत, दुर्ग में 54 प्रतिशत, गरियाबंद में 53 प्रतिशत, बलौदाबाजार-भाटापारा में 52 प्रतिशत, बिलासपुर में 51 प्रतिशत और रायपुर में 50 प्रतिशत किशोरों का टीकाकरण हो गया है। प्रदेश भर में इस आयु वर्ग के कुल 16 लाख 39 हजार 811 किशोरों को टीका लगाया जाना है। सभी जिलों में बनाए गए टीकाकरण साइट्स में किशोर-किशोरी उत्साह से पहुंचकर टीका लगवा रहे हैं। वर्ष 2005, 2006 और 2007 में पैदा हुए किशोरों को इन केंद्रों में टीका लगाया जा रहा है। कोरोना सक्रंमण से बचाव के लिए अब तक मुंगेली जिले में 35 हजार 910, राजनांदगांव में 63 हजार 352, धमतरी में 31 हजार 114, बेमेतरा में 34 हजार 609, महासमुंद में 40 हजार 295, बालोद में 28 हजार 294, कांकेर में 25 हजार 534, दुर्ग में 56 हजार 569, गरियाबंद में 19 हजार 704, बलौदाबाजार-भाटापारा में 48 हजार 852, बिलासपुर में 56 हजार 066, रायपुर 72 हजार 065, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में दस हजार 162 और दंतेवाड़ा में 8488 किशोरों को टीका लगाया गया है। कोरोनारोधी टीके की पहली खुराक जांजगीर-चांपा जिले में 49 हजार 675 किशोरों को, कबीरधाम में 26 हजार 762 को, कोंडागांव में 16 हजार 812, रायगढ़ में 39 हजार 911, कोरिया में 16 हजार 670, सूरजपुर में 20 हजार 126, बलरामपुर-रामानुजगंज में 18 हजार 828, जशपुर में 20 हजार 702, बस्तर में 19 हजार 212, सरगुजा में 19 हजार 157, कोरबा में 25 हजार 392, सुकमा में 4126, बीजापुर में 3747 तथा नारायणपुर में 1933 किशोर-किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है।

शहरी क्षेत्रों में नए आशियाने के लिए एक क्लिक में नक्शे होंगे पास

» डायरेक्ट भवन अनुज्ञा सिस्टमः बिना किसी हस्तक्षेप के मिलेगी भवन अनुज्ञा

रायपुर (आरएनएस)। जीवन के बस तीन निशान रोटी, कपड़ा और मकान। यह एक गीत ही नहीं बल्कि हकीकत भी है। लोगों की जिंदगी का अधिकांश समय बस इस तीन समस्याओं के निराकरण में ही निकल जाता है। इन तीनों चीजों में घर बनाना किसी बड़े सपने से कम नहीं है। नगरीय क्षेत्रों में तो घर बनाने के लिए जमीन खरीदना भी एक बड़ी बात है, उससे भी बड़ी बात जमीन पर स्वयं का घर बनाना। छत्तीसगढ़ सरकार ने घर बनाने में आ रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए लोगों की भावनाओं के अनुरूप मात्र एक सेकेण्ड के भीतर ही घरों के लिए नए नक्शे पास करने के लिए नए सॉफ्टवेयर तैयार किया है।

शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों के लिए लगातार नागरिक सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहरों में नए आशियाने का चाह रखने वाले लोगों के लिए नया साल खुशखबरी लेकर आया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर अब राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में डायरेक्ट भवन अनुज्ञा सिस्टम जारी की है। इस नये सिस्टम में सॉफ्टवेयर के जरिए मात्र एक सेकेण्ड में भवन की अनुज्ञा दी जा रही है। कोई भी नागरिक अपना घर बनाने के लिए अपने निवास स्थान से ही कम्प्यूटर के जरिए अपने नए घर का नक्शा इस सॉफ्टवेयर में अपलोड कर सकता है। नक्शे अपलोड होने के तुरंत बाद सॉफ्टवेयर द्वारा नक्शों का परीक्षण कर तत्काल भवन अनुज्ञा जनरेट कर दी जाती है। इसके लिए मात्र एक रूपए का शुल्क लिया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई इस नवीन सुविधा से नगरीय क्षेत्र के लोगों को अपने घर बनाने के सपने को पूरा करने में पहले की तरह कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। नक्शे पास कराने के लिए पहले जटिल प्रक्रिया अपनाई जाती थी। इससे लोगों को कठिनाईयों की दोहरी मार झेलनी पड़ती थी। लोगों का कहना है कि किसी तरह पैसे का इंतजाम कर शहरी क्षेत्र में जमीन ले ली जाए, तो नक्शा पास करना भी एक समस्या थी। अब इस समस्या से उन्हें निजात मिल गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार की इस नई पहल से मात्र एक क्लिक में 500 वर्गमीटर (5382 वर्गफीट) तक की भूमि में भवन अनुज्ञा मिल रही है। भवन अनुज्ञा देने में आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से इसमें लोगों का किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं रहा। यह शासकीय कामकाज में पारदर्शिता का एक बेहतरीन उदाहरण है। घर बनाने के लिए नक्शे पास कराना अब समस्या नहीं रही, न ही इस संबंध में शासकीय कार्यालयों का चक्कर काटने की जरूरत है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समर्थक हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अत्या मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ साक्षरता से सम्बन्धित प्रावधान है, अतः साक्षरता एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन एवं पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ साक्षरता एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सांघेतिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU